हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–80 : जौनपुर, सोमवार 21 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

वाराणसी में बदमाशों का एनकाउंटर : पुलिस टीम को मिला दो लाख का इनाम

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में दरोगा को गोली मारकर पिस्टल लुटने वाले दो बदमाशों को सोमवार सुबह पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। हालांकि उनका साथी फरार होने में कामयाब रहा। उसकी तलाश जारी है। मौके से दरोगा से लूटी गई पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, सभी अपराधी सगे भाई हैं और बिहार में कई वारदातों में शामिल रहे हैं। ये तीनों भाई पटना से भागे हुए थे और वाराणसी में शरण लिए हुए थे। वाराणसी में तीनों को पनाह देने में अहम भूमिका किसकी थी, पुलिस इसकी पड़ताल शुरू कर दी है। नौ नवंबर को लक्सा थाने में तैनात दरोगा को गोली मारने की घटना के बाद से ही लगातार कमिश्नरेट पुलिस पर सवाल उठ रहे थे। ऑपरेशन पाताल लोक के तहत सोमवार सुबह पुलिस ने घटना में शामिल दो बदमाशों को ढेर कर दिया। एनकाउंटर भेलखा गांव के पास रिंग रोड पर हुई। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने एनकाउंटर वाली टीम में शामिल दो दरोगा को थाने का प्रभार सौंपा। तो वहीं यूपी डीजीपी डॉक्टर डीएस चौहान ने एनकाउंटर करने वाली टीम को दो लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की। बदमाशों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर सब इंस्पेक्टर अजय यादव को गोली मारकर उसका सर्विस पिस्टल लूटने वाले एनकाउंटर में मारे गए हैं। हमने उन बदमाशों के लिए ऑपरेशन पाताल लोक चलाया था। हमने तय कर लिया था कि उन बदमाशों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे। मारे गए दोनों बदमाश समस्तीपुर बिहार के रहने वाले हैं। दोनों बदमाश आपस में सगे भाई थे। ये तीनों बदमाश बिहार में ज्यूडिशियल कस्टडी से भागे थे। ये बदमाश बिहार में दो पुलिसकर्मियों की हत्या कर चुके थे। बिहार में तीन पुलिसकर्मियों के सरकारी असलहे लूट चुके थे। दो बैंक डकैती के दौरान पांच आम नागरिकों को भी मार चुके थे। डीजीपी ने बताया कि हमने अपनी स्ट्रेटजी के तहत इन्हें वाराणसी से

निकलने नहीं दिया। हमारे दारोगा की लूटी हुई पिस्टल भी बरामद हो गई है। मारे गए बदमाशों से एक फैक्ट्री मेड पिस्टल भी मिली है। वाराणसी पुलिस कमिश्नर और उनकी टीम ने बेहतरीन काम किया है। एनकाउंटर वाली टीम को मेरी तरफ से दो लाख रुपए के ईनाम की घोषणा की गई है। ये नया उत्तर प्रदेश है जहां अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। मैं यूपी की जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाता हूं।2018 बैच के दो दरोगा बने थाना प्रभारी पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि रोहनिया थाना क्षेत्र के दरेखू में गत दिनों दरोगा अजय यादव की पिस्टल लूट की घटना के वर्कआउट करते हुए बिहार के दो शातिर अपराधियों को ढेर करने वाले बहादुर एसआई बृजेश मिश्रा को थानाध्यक्ष चितईपुर और एसआई राजकुमार पांडेय को थानाध्यक्ष लोहता का प्रभार दिया गया। 2018 बैच के युवा दरोगाओं को प्रोत्साहन स्वरूप यह चार्ज दिया गया। बिहार की अदालत से भागे थे बदमाश वाराणसी में आज मारे गए दोनों बदमाश रजनीश सिंह और मनीष सिंह और इनका तीसरा भाई लल्लन 9 सितंबर 2022 को पटना जिले की बाढ़ जिला अदालत के शौचालय की दीवार तोड़कर फरार हो गए थे। तभी से बिहार पुलिस इनकी जबरदस्त तरीके से तलाश में थी, लेकिन ये तीनो भाई भागकर वाराणसी आ गए। तीनों भाइयों ने छह मार्च, 2017 को पटना के बेलछी थाना क्षेत्र के बाघाटिलहा गांव के समीप पीएनबी बैंक की शाखा से दिनदहाड़े 60 लाख रुपये लूट लिए थे। इस दौरान बैंक के गार्ड योगेश्वर पासवान, सुरेश सिंह और चालक अजित यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इन तीनों पर पूर्व में एक दारोगा, एक एएसआआ की भी हत्या करने का आरोप था। ये कुल पांच भाई है, एक भाई सीधा साधा है जो समस्तीपुर में गांव पर रहता है, इनका एक और भाई किसी संगीन जुर्म में झारखंड की जेल में बंद है। बाकी ये तीनों सगे भाई संगठित तरीके से लगातार अपराध की घटनाओ को अंजाम दे रहे थे। दो सोमवार को मुठभेड़ में ढेर हुए। एक की तलाश जारी है।

हत्या कर 12 घंटे तक घर में रखी बेटी की लाश : फिर रात के अंधेरे में एक्सप्रेसवे पर लगाया ठिकाने

मथुरा ब्यूरो : बीसीए की छात्रा आयुषी की गोली मारकर हत्या की गई, फिर उसके शव को यमुना एक्सप्रेस की सर्विस रोड पर ट्रॉली बैग में पैक कर फेंक दिया गया। इस मामले में घर वालों ने बेटी की गुमशुदगी भी दर्ज नहीं कराई थी। जब पुलिस मृत छात्रा के घर पहुंची तो उसका पिता वह नहीं था। बाद में पुलिस ने उसे खोज लिया। रविवार देर रात पूछताछ में जब पिता ने बेटी की हत्या करने की बात कबूल की तो पुलिस के लिए हत्या से जुड़े साक्ष्य एकत्र करने में आसानी हो गई। देर रात ही पुलिस की टीम हत्या स्थल और लाश को ले जाने में इस्तेमाल की गई कार, जिस हथियार से गोली चलाई गई थी, उसे अपने कब्जे में लेने आदि कार्य में जुट गई। 18 नवंबर की सुबह यमुना एक्सप्रेस की सर्विस रोड पर कृषि अनुसंधान केंद्र के पास झाड़ियों में ट्रॉली बैग मिला था। ट्रॉली बैग में युवती की लाश थी। इसके 48 घंटे में ही पुलिस मृतका के घर तक पहुंच गई। मृतका की पहचान रविवार की देर शाम मां और भाई ने की। पुलिस अब इस मामले में जांच की बात कह कर चुप्पी साधे हुए है। हालांकि शुरुआत में ही पुलिस को लाइन मिल गई थी कि हत्यारोपी पिता ही है। इसी कारण दिल्ली के मोड़ बंद से पिता, भाई और मां को पुलिस टीमें साथ लेकर आईं, लेकिन पिता को पोस्टमार्टम गृह तक नहीं लाई। केवल निजी कार में थाना राया के प्रभारी निरीक्षक ओम हरि वाजपेयी, एसआई विनय कुमार और एक सिपाही के साथ केवल बृजबाला और भाई आयुष को ही लाया गया। खास बात यह भी है कि आयुषी 17 नवंबर को ही लापता हो गई थी, इसकी कहीं भी गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई गई थी।

वहीं, हत्या के बाद पिता भी घर से कहीं चला गया था। अनुमान है कि पुलिस आज इस पूरे घटनाक्रम से सब पहुलओं से पर्दा उठाएगी। पोस्टमार्टम गृह पर राया पुलिस के साथ पहुंची मां और भाई ने चेहरा ढक रखा था। जैसे ही पोस्टमार्टम गृह के अंदर कमरे में जाते ही पुलिस ने फीजर को खोला तो लाश देखते ही मां और भाई बिलख पड़े। जोर–जोर से बिलखते हुए मां और बेटे एक दूसरे के गले लग गए। 10 मिनट बाद दोनों बाहर आए। मीडिया कर्मी ने उनसे सवाल पूछे तो दोनों ने कुछ नहीं बताया। ऐसा लग रहा था कि पुलिस ने उन्हें बोलने के लिए मना ही कर दिया हो। आयुषी के पिता नीतीश मूल रूप से गोरखपुर जिले के गांव सुनारी का रहने वाला है। वह कई वर्षों से दिल्ली के गांव मोड़ बंद में परिवार के साथ रह रहा है। नीतीश की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। वहीं आयुषी बीसीए की छात्रा थी। आयुषी की हत्या क्यों की, इस पर अभी राज बरकरार है। 12 घंटे तक घर में रखी रही लड़की की लाश सूत्रों के अनुसार, आयुषी की हत्या 17 नवंबर दोपहर को ही कर दी गई थी। इसके बाद उसके शव को घर पर ही रखा गया। यह सबकुछ परिवार के अन्य सदस्यों के सामने ही हुआ। रात का इंतजार किया गया और पिता ट्रॉली बैग में बेटी की लाश लेकर यमुना एक्सप्रेसवे की तरफ निकला। रास्ते में लाश फेंकने का मौका नहीं मिला। मथुरा के राया आकर उसने बैग को देर रात फेंक दिया। 18 नवंबर को सुबह 11:00 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि यमुना एक्सप्रेस वे किनारे बैग पड़ा है, जिसमें से खून रिस रहा है।

पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन के साथ विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह संपन्न

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के द्वारा राजेंद्र नगर स्थित सफायर सेरेमोनियल गार्डन में वार्षिक अधिवेशन के दौरान "ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौती एवं भविष्य" विषय पर विचार गोष्ठी और पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर शिवशंकर शाही सर्जन, अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन गोरखपुर, विशिष्ट अतिथि सौरभ पांडे प्रमुख धरा धाम गोरखपुर, गोरखनाथ श्रीवास्तव राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य, डॉ उपेंद्र प्रसाद भूतपूर्व प्राचार्य बरहज महाविद्यालय, एवं यस पी नाथ सिंह पुलिस अधीक्षक उत्तरी रहे । समारोह की अध्यक्षता अरविंद राय अध्यक्ष मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति गोरखपुर और संचालन कार्य जयप्रकाश यादव ने किया । समारोह का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तदुपरांत अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, प्रतीक चिन्ह और साल देकर कर किया गया । पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के मुख्य संयोजक जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि पीपीए की स्थापना 21 मई 2016 को किया गया आज सफलता के 6 साल पूरा होने के बाद गोरखपुर जिले में पत्रकारिता के क्षेत्र में पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन मजबूती से कार्य कर रहा है कोरोना काल में जब लोग अपने घरों से नहीं निकलते थे तब पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकारों ने कौड़ीराम में विनोद गुप्ता के वहां निशुल्क भोजन गरीब और बेसहारा लोगों के लिए उपलब्ध कराया जो बहुत ही सराहनीय साबित हुआ । वार्षिक अधिवेशन में गूंजेश्वरी प्रसाद स्मृति सम्मान से डॉ उपेंद्र प्रसाद,

डॉक्टर शिव शंकर शाही, अरविंद कुमार सिंह, गोरख लाल श्रीवास्तव, अरविंद राय, एवं सौरभ पांडे को सम्मानित किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन कलाकार राजेंद्र प्रसाद एवं टीम ने प्रस्तुत किया । समारोह में पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के तहसील जिला प्रांत और राष्ट्रीय पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । अंत में एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और पुनः आने वाले साल में इससे भी भव्य प्रोग्राम करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर काफी संख्या में पत्रकार बंधुओं की उपस्थिति रही, जिनमें से प्रमुख रूप से अनिल कुमार सिंह, हृदय नारायण, ओम प्रकाश त्रिपाठी, अनुराग सिंह, विजय मदनलाल, संतोष गुप्ता,संत कुमार सिंह, प्रकाश चंद पांडे, घनश्याम कसौधन, अवधेश दुबे, चंद्रभान तिवारी, अखिलेश पांडे, राजकुमार, विकास मिश्रा, उमा शंकर शुक्ला, अवधेश दुबे, एस पी सिंह, चंदन सिंह ,नागेंद्र पांडे, उमा शंकर शुक्ला,राकेश शर्मा, वृजभूषण दुबे, तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

दिलीप सिंह चुने गए जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष

जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि : शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में जेसीआई जौनपुर द्वारा संस्था अध्यक्ष डॉ संदीप पांडे जी की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारी जोन वॉइस प्रेसिडेंट गौरव सेठ के नेतृत्व में सत्र 2023 के लिए चुनावध्चयन सम्पन्न कराया गया। जेसीआई विश्व में युवाओं की एक सबसे बड़ी सामाजिक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो पूरे विश्व के युवाओं में व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व क्षमता के विस्तार के साथ–साथ समाज सेवा का कार्य करती है। इसी क्रम में जेसीआई जौनपुर में संस्था के पदाधिकारियों के चुनाव/चयन की प्रक्रिया कराई गयी। जिसमे दिलीप सिंह को 2023 का अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद के लिए राजकुमार जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, हफिज शाह, प्रदीप सिंह व सौरभ बरनवाल का चयन किया गया। आकाश केसरवानी का चयन सचिव के लिए किया गया। नव चयनित अध्यक्ष दिलीप सिंह ने अपने स्वीकृति उद्बोधन में कहा कि जौनपुर की सबसे पुरानी संस्था जेसीआई जौनपुर को सभी सदस्यों के सहयोग से नई ऊँचाइयों पर ले जाने का पूरा प्रयास करूंगा। चुनाव अधिकारी जोन वॉइस प्रेसिडेंट गौरव सेठ के नेतृत्व में चुनाव कमेटी के सदस्य पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक सेठ, पूर्व अध्यक्षगण शशांक सिंह रानू, राकेश जायसवाल,

संजय गुप्ता तथा संस्था अध्यक्ष डॉ संदीप पांडे ने चुनावध्चयन कार्य संपन्न कराया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आरिफ अंसारी ने किया तथा प्रदीप सिंह ने आए हुए सभी सदस्यों के प्रति आभार किया। उक्त अवसर पर कृष्ण कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र सेठ, डॉ प्रशांत द्विवेदी, सर्वेश जायसवाल, नीरज श्रीवास्तव, आशुतोष जायसवाल, संतोष अग्रहरी (मेडिकल), शिवेंद्र सेठ, संतोष अग्रहरि, भरत सेठ, कृष्ण गोपाल जायसवाल, रतन सीकरी, अतुल जायसवाल, सीए रितुल पाठक, दीपक वाधवा, शिवेंद्र गुप्ता, डॉ आनंद आदि उपस्थित रहे।

सेंट एन्जनीज के वार्षिकोत्सव में सैफ हसनैन हुये सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. राजाजीपुरम् स्थित सेंट एन्जनीज पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह सन फेस्ट बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाज सेवी हाजी सैफ हसनैन को उनके सामाजिक कार्यों के लिये सम्मानित किया गया। सैफ हसनैन समाजवादी पार्टी लखनऊ महानगर के निवर्तमान नगर सचिव है। उनके सामाजिक सरोकारों के लिये सेंट एन्जनीज की प्रबन्धक तरू सक्सेना ने सैफ हसनैन को अंग वस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हाजी सैफ ने बच्चों को जीवन में सफलता के मूल मंत्र देते हुये कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है। जीवन में सफलता केवल कठिन परिश्रम से ही मिलती है। इस

अवसर पर उन्होनें प्रबन्धक तरू सक्सेना सहित रूही सक्सेना का आभार व्यक्त करते हुये बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राएं वाराणसी टूर के लिए हुए रवाना

सुजानगंज,जौनपुर (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) : मुस्तफाबाद प्राथमिक विद्यालय के 70 बच्चों का टूर सारनाथ वाराणसी के लिए प्रस्थान

किया बच्चे एवं अभिभावक तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ तथा रसोईया बस में सवार हुए बस को ARP हरी झंडी दिखाकर रवाना किए बच्चे सारनाथ में म्यूजियम बौद्ध मंदिर जैन मंदिर बौद्ध भगवान बुद्ध द्वारा प्रथम पांच भिछुओ को दीक्षा दी बच्चे सारनाथ पहुंचकर सारनाथ स्तूप म्यूजियम जैन मंदिर भगवान बुद्ध चिड़िया घर पहुंचे चिड़ियाघर में हिरण और शेर देखकर बहुत खुश हुए डॉ. विनोद कुमार पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कियाबच्चें सारनाथ वाराणसी में बौद्ध दर्शन स्तूप चिड़ियां घर म्यूजियम ऑफ इंडिया, जैन मंदिर परिसर तथा तिब्बती आध्यात्मिक गुरु, विदेशी पर्यटको से मिलकर खुश हुए। इसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार, शिक्षक प्रतिमा सिंह, अमरावती यादव, बृजलाल पाल आदि मौजूद रहे।

खेत में सीधे सुपर सीडर से करें गेहूं की बुवाई

जौनपुर सू.वि. : कृषि विभाग द्वारा सोमवार को विकासखंड धर्मापुर एवं मुफ्तीगंज के कार्यालय सभागार में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत रबी उत्पादकता किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों से लाइन में बुवाई करने, पराली प्रबंधन तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओ, बीज वितरण, कृषि यंत्रों पर अनुदान, कम लागत में अधिक उत्पादन वाली प्राकृतिक खेती की तकनीकोंयो से प्रशिक्षित किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख विमलेश यादव ने कहा कि आधुनिक तकनीकियों से किसान खेती कर कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अपर जिला कृषि अधिकारी डा0 रमेश चंद्र यादव ने कहा कि धान के खेत में किसान बिना जुताई किए सीधे जीरो टिल/सुपर सीडर मशीन से लाइन में गेहूं की बुवाई करें, इससे पराली प्रबंधन एवं बीज, खाद एवं पानी की मात्रा कम लगेगी, खाद जो बुवाई के समय देंगे उसका भरपूर लाभ पौधों को मिलेगा किसान इस विधि से बुवाई करके कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, उन्होंने बताया कि धान की लंबी अवधि की प्रजातियों की कटाई के बाद नहर सिंचित क्षेत्रों में अधिक नमी होने के कारण जुताई कर के खेत की तैयारी कर बुआई करने में विलंब हो जाता है जिससे उत्पादन घट जाता उन्होंने किसानों से सुझाव दिया कर धान की फसल काटने के बाद खड़े ठूठ में बगैर जुताई के मशीन से लाइन में बुवाई करने से कृषि निवेशो की बचत होगी साथ ही सवा गुना ज्यादा उत्पादन प्राप्त होगा। परती खेतों में बुआई करने से सिंचाई जल की बचत होगी तथा खरपतवार भी कम निकलेगे, लाइन में बुवाई करने पर बीज एक निश्चित गहराई वह अंतराल पर गिरता है एक एकड़ के लिए 40 किग्रा गेहूं का बीज व 50 किग्रा डीएपी लगती है लाइन में बुवाई से खाद एवं बीज का प्रॉपर प्लेसमेंट होता है इसलिए उत्पादन बढ़ जाता है बुवाई 5 सेंटीमीटर गहराई पर होती है इसलिए जड़ों का विकास अच्छा होता है फरवरी में जब गर्म हवाएं चलती हैं तो सिंचाई करने पर फसल गिरती नहीं इतना ही नहीं लाइन में बुवाई से सस्य क्रियाएं आसानी से होती हैं प्रति हेक्टेयर रु0 चार हजार लागत में कमी लाते हुए बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष भाजपा राधेश्याम विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है, किसानों की आमदनी दूनी करने के लिए किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, यंत्रीकरण आदि योजना से किसान लाभान्वित हो रहे है। संचालन एडीओ एजी राम आजाद ने किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी काशीनाथ एवं रबी कुमार, तकनीकी सहायक राजकुमार, मेराज खा, पंकज मौर्य, बीटीएम ज्ञानेश्वर मिश्र, ज्ञानेन्द्र कुमार, हरिश्चन्द्र गुप्ता, उमेश सिंह, गुलाब मौर्य, सूबेदार यादव, रामाशीष, राजेन्द्र राय आदि किसान मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अगर मैं सुखी होना चाहता हूं तो कोई मुझे दुखी नहीं कर सकता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

किस राह जाएगा नेपाल? चुनाव नतीजों पर सबकी नजर

एक ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक, नेपाल दुनिया में सर्वाधिक धार्मिक हिंदू बहुसंख्यकों का देश है। लेकिन यह गौतम बुद्ध का जन्म स्थान भी है, जिसके कारण बौद्ध धर्म का भी वहां एक विशेष स्थान है और अक्सर कुछ समुदायों के बीच यह हिंदू धर्म के साथ घुल–मिल जाता है।

कल हिमालयी राष्ट्र नेपाल के मतदाताओं ने मतदान किया। वहां वर्ष 2015 में नया संविधान लागू होने के बाद यह दूसरा चुनाव है। हालांकि इसका नतीजा आठ दिसंबर को आने वाला है, लेकिन वहां के चुनावी नतीजे के बारे में दो तरह की अटकलें लगाई जाने लगी हैं। एक यह कि क्या मतदाता पड़ोसी भारत में 'हिंदुत्व' के प्रभुत्व की अपनी व्यापक धारणा से प्रभावित होंगे, या फिर वे उत्तरी पड़ोसी मुल्क चीन की कई परियोजनाओं को अंजाम देने की कथित चेकबुक कूटनीति से प्रभावित होंगे। इन परस्पर विरोधी बिंदुओं का उत्तर उतना ही जटिल है, जितना नेपाल की आबादी और उसकी राजनीति।

एक ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक, नेपाल दुनिया में सर्वाधिक धार्मिक हिंदू बहुसंख्यकों का देश है। लेकिन यह गौतम बुद्ध का जन्म स्थान भी है, जिसके कारण बौद्ध धर्म का भी वहां एक विशेष स्थान है और अक्सर कुछ समुदायों के बीच यह हिंदू धर्म के साथ घुल–मिल जाता है। नेपाल हमेशा बौद्धों के साथ सह–अस्तित्व में रहा है, हालांकि उनकी आबादी 9.11 प्रतिशत है। नेपाल ने 2006 में अपनी 239 साल पुरानी राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र की पहचान को त्याग दिया और अब सांविधानिक रूप से यह एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है।

चूंकि नेपाली संविधान में धर्मनिरपेक्षता निहित है, ऐसे में कोई तर्क दे सकता है कि राजनीतिक लाभ के लिए धार्मिक भावनाओं का फायदा उठाने की कोशिश करने वाले नेताओं को लाभ नहीं होगा। लेकिन धार्मिक गतिविधियों में नेपाली राजनेताओं की बढ़ती दिलचस्पी ने विश्लेषकों को यह अनुमान लगाने के लिए प्रेरित किया है कि हिंदू राष्ट्रवाद वहां एक प्रमुख मुद्दा बन सकता है। इसे इस तथ्य से भी मजबूती मिल रही है कि सत्ता के आकांक्षी दोनों गठबंधनों में बेशक चीन से प्रभावित कम्युनिस्ट तत्व हैं, लेकिन वे दोनों हिंदू कार्ड खेल रहे हैं, मंदिरों में जा रहे हैं और धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं।

मार्क्सवादी केपी शर्मा ओली ने पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा करना शुरू कर दिया। जबकि यह प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के लिए स्वाभाविक हो सकता है, जो मध्यमार्गी नेपाली कांग्रेस से ताल्लुक रखते हैं और अपनी हिंदू जड़ों को दर्शाते हैं तथा जिनकी पत्नी आरजू देउबा रक्षाबंधन के दिन भारत के शीर्ष भाजपा नेता को राखी बांधती हैं। लेकिन ओली के अलावा उनके कम्युनिस्ट प्रतिद्वंद्वी पुष्प कमल दहल प्रचंड भी, जो अब सत्ताधारी गठबंधन में हैं, मार्क्सवाद–लेनिनवाद के प्रति निष्ठा के बावजूद वही रास्ता अपना रहे हैं। फिर भी प्रचंड इन चुनावों को प्रगतिशील और प्रगतिकामी ताकतों के बीच मुकाबला बताते हैं। दरअसल, हाल में जारी घोषणापत्र एक ही गठबंधन की विभिन्न पार्टियों के बीच राजनीतिक विचारधाराओं में भारी अंतर को दर्शाते हैं।

ऐसे विरोधाभासों का प्रतीक ओली की सीपीएन–यूएमएल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के साथ गठबंधन में है, जो राजशाही की बहाली चाहती है। नेपाल में बहुदलीय प्रणाली स्थापित नहीं हुई है। इसके तीन प्रमुख दलों (नेपाली कांग्रेस, सीपीएन–यूएमएल और माओवादी सेंटर) ने अतीत में अलग–अलग गठबंधन का नेतृत्व किया है, लेकिन सत्ता संघर्ष और अंदरूनी कलह के कारण किसी ने भी पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। जहां तक दूसरे कयास की बात है, चीनी प्रभाव मजबूत बना हुआ है, हालांकि देउबा ने ओली के कई फैसलों को पलट दिया और चीन समर्थक झुकाव को खत्म करने के लिए काफी मेहनत की है।

लेकिन चीन एक प्रमुख व्यापार भागीदार और लाभ उठाने वाला देश बना हुआ है। वर्ष 2019 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जो वायदा किया, उसके अलावा नेपाल ने अगस्त में 15 अरब नेपाली रुपये की एक चीनी परियोजना पर हस्ताक्षर किया है। लेकिन यह चीन के कर्ज जाल को लेकर चिंतित है और बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव के तहत परियोजनाओं को स्वीकार करने के मामले में सुस्त रहा है। साथ ही, नेपाल को अमेरिकी मिलेनियम चौलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) के तहत भी वित्तपोषित किया जाता है।

नेपाल ने अमेरिका और पश्चिम के साथ चीन की उभरती क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता को संतुलित करने की पूरी कोशिश की है और भारतीय सहायता का वह मुखर स्वागत करता है। संक्षेप में, नेपाल को अपने भूगोल और भू–राजनीतिक मजबूरियों के कारण लाभ और हानि, दोनों हुई है। राजनीतिक स्थिरता पाने में इसकी विफलता के कारण भी स्थिति दुरूह बनी हुई है। वर्ष 2006 में गणतंत्र बनने के बाद से यहां दस सरकारें बनीं और 13 प्रधानमंत्री हुए हैं। 275 सांसदों और 550 प्रांतीय विधानसभा सदस्यों को चुनने के लिए 1.8 करोड़ मतदाताओं ने मतदान किया। मिश्रित निर्वाचन प्रणाली के तहत, 60 प्रतिशत सांसदों का चुनाव निर्वाचन व्यवस्था से किया जाएगा, जबकि 40 प्रतिशत आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से चुने जाएंगे। 165 संसदीय सीटों के लिए कुल 2,412 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से मात्र 225 महिलाएं (9.3 प्रतिशत) हैं।

एक प्रमुख महिला नेता और दो बार कैबिनेट मंत्री हिसिला यामी कहती हैं कि 'सामंती पितृसत्तात्मक मानसिकता एक बड़ी बाधा है।' राजनीतिक नेताओं के अवसरवादी गठबंधन ने नेपाल के लोगों में निराशा पैदा की है। कार्यकाल की सीमा के अभाव में मौजूदा प्रधानमंत्री देउबा छठा कार्यकाल चाह रहे हैं, जबकि उनके तत्काल पूर्ववर्ती केपीशर्मा ओली तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। चुनाव परिणामों के आगामी आठ दिसंबर को घोषित किए जाने की उम्मीद है, जो नेपाल के भावी राजनीतिक दिशा पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालेंगे। दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता के कारण निवेशक दूर रहते हैं।

कोविड महामारी ने वहां के पर्यटन उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया, जो देश की जीडीपी में चार प्रतिशत का योगदान करता है। इसी तरह विदेशों से आने वाले धन का प्रवाह भी बाधित हुआ, जो जीडीपी में 25 फीसदी योगदान करता है। नेपाल इस चुनाव के जरिये विश्वसनीयता चाहता है। भारत चाहता है कि नेपाल में ऐसी सरकार हो, जो कम से कम शत्रुतापूर्ण न हो। नेपाल और अन्य छोटे एशियाई व हिंद–प्रशांत देशों में अपनी पैठ बनाने के लिए एक तरफ भारत व अमेरिका, तो दूसरी तरफ चीन के बीच संघर्ष जारी रहेगा। यह इन देशों की घरेलू राजनीति को भी निर्धारित करेगा, जिससे वे रणनीतिक प्रतिद्वंद्विता को तेज करने का अखाड़ा बन जाएंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

रफी अहमद कालेज के वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन अंताक्षरी चित्रकला सुलेख और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता की धूम रही

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रफी अहमद किदवाई इण्टर कालेज के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन अंताक्षरी, चित्रकला, सुलेख तथा कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता की धूम रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष एवं जिला स्काउट सचिव डॉ० राजेश तिवारी विशिष्ट अतिथि गंगादेवी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ० अभिराम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अंबिका बक्श इण्टर कालेज पंडरवा के सतगुरू प्रसाद वर्मा की उपस्थित में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ० अमित कुमार वर्मा ने इन सब अतिथियों का कालेज में स्वागत करते हुये तीन दिवसीय आयोजन के बारे में अवगत कराया। अंताक्षरी प्रतियोगिता परशुराम सिंह के संचालन में हुयी। जिसमें सूर कबीर और तुलसी के बीच देशभक्ति गीत और भजन प्रस्तुत किये गयी। जिसमे कबीर टोली प्रथम स्थान पर रही। जिसके नायक प्रियांशू गौतम रहे द्वितीय स्थान पर तुलसी टोली रही जिसके नायक अंश मिश्रा रहे। तीसरे स्थान पर सूर टोली रही जिसके नायक अभिषेक सिंह रहे। निर्णायक मंडल में डॉ० देश दीपक शुक्ल. ऋषि तिवारी, सुभाष चन्द्र कनौजिया, अंशुलता मिश्रा रही। चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग के बच्चों ने बड़े अच्छे ढंग से कागज के पन्नों पर स्वच्छ भारत अभियान तथा सड़क सुरक्षा की चित्रकारी उकेरी जिसकी खूब सराहना हुई। चित्रकला प्रतियोगिता

सीनियर वर्ग में वैभव मिश्रा प्रथम, लकी द्वितीय आस्तिक वर्मा तृतीय रहे। तथा चित्रकला जूनियर वर्ग में रजत मणि वाजपेयी प्रथम ललित कुमार द्वितीय मौहम्मद सैद तृतीय स्थान पर रहे। इन प्रतियोगिताओ के निर्णायक मंडल में ऋषभ राज अर्कवंशी, अरुण कुमार वर्मा, दीपक दुवे, अनुज श्रीवास्तव रहे। हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता में सुदीप शुक्ला प्रथम पुष्पेन्द्र वर्मा द्वितीय और अभिषेक प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में यश मिश्रा प्रथम, शाश्वत कुमार द्वितीय, श्रेयांश सिंह तृतीय निर्णायक मण्डल में ज्ञानेन्द्र जयन्त, राम सिंह यादव रहे। कुर्सी दौड़ में प्रतियोगिता में अंकित कश्यप प्रथम, शिवकान्त तिवारी द्वितीय और अनुराग तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मण्डल में संतोष शर्मा, दीपक दुबे संजय कनौजिया और देवेन्द्र मोहन सिंह रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत : शैक्षिक समस्याओं को लेकर पारित प्रस्ताव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत की प्रेस वार्ता सोमवार को प्रांत कार्यालय लखनऊ में संपन्न हुई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए। प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह ने बताया कि 11 नवंबर से 13 नवंबर रायबरेली के गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय प्रांत अधिवेशन संपन्न हुआ जिसमें 13 प्रशासनिक 25 संगठनात्मक जिले से 754 छात्र–छात्राओं शिक्षकों की उपस्थिति रही इस अधिवेशन में वर्ष भर की गतिविधियों की प्रदर्शनी बनाई गई जिसको अमर शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह जी के नाम पर रखा गया प्रदर्शनी का उद्घाटन निफ्ट के निर्देशक डॉ भरत शाह अमर शहीद शैलेंद्र प्रताप सिंह जी की धर्मपत्नी चांदनी सिंह जी ने किया। प्रदर्शनी उद्घाटन के उपरांत प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन पद्मश्री सुधा सिंह व ए.के.टी.यू के कुलपति प्रवीण कुमार मिश्र जी ने किया। अधिवेशन में शैक्षिक समस्याओं को लेकर चिंतन का प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें उत्तर प्रदेश का शैक्षिक परिदृश्य, उत्तर प्रदेश का वर्तमान परिदृश्य, उद्यमिता तीनों प्रस्ताव छात्रों के सुझाव के साथ पारित किए गए। अधिवेशन में भव्य शोभा यात्रा व खुला अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में चुनाव अधिकारी रूपेश अवस्थी द्वारा प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह व प्रांत मंत्री आकाश पटेल रुद्र निर्वाचित किए गए। प्रांत कार्यकारिणी की घोषणा की गई। प्रांत मंत्री आकाश पटेल रुद्र ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया प्रांत अधिवेशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा भारतीयत्व की पुनर्स्थापना विषय पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो. रजनीश शुक्ला व वैश्विक पटल पर आत्मनिर्भर भारत और स्व का बोध विषय पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही का भाषण रहा। प्रांत अधिवेशन में केंद्रीय प्रवासी के नाते राष्ट्रीय मंत्री राकेश दास का रहना हुआ। आगामी

कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद 6 दिसंबर को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाएंगे, 15 से 30 दिसंबर को विद्यार्थी परिषद मिशन साहसी अभियान के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण करवाएंगे, सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से ठंड में जरूरतमंदो को कपड़े वितरित किए जाएंगे साथ विभिन्न चौराहों पर नेकी की दीवार बनाएंगे जिससे जरूरतमंदो को गर्म कपड़े मिल सके, 12 जनवरी से 23 जनवरी तक युवा पकवाड़ा का आयोजन किया जाएगा इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र छात्रा से सहभाग करेंगे, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से गणतंत्र दिवस मनाया जायेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 68 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 25 नवंबर से 27 नवंबर तक जयपुर राजस्थान में होने जा रहा है जिसका उद्घाटन बाबा रामदेव करेंगे। तीन दिवसीय अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक व सामाजिक विषयों पर प्रस्ताव भी लाए जाएंगे।सेवा कार्यों हेतु इस वर्ष के यशवंतराव पुरस्कार के लिए नंद कुमार पालवे को चयनित किया गया। प्रांत छात्रा संयोजक तूलिका श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्राओं को प्रशिक्षित करने हेतु हर वर्ष मिशन साहसी अभियान आयोजित करती आ रही है। 15 दिसंबर से 30 दिसंबर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपना यह अभियान सभी विद्यालयों में चलाने वाला है जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जाएंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह, प्रांत मंत्री आकाश पटेल रुद्र, प्रांत छात्रा संयोजक तूलिका श्रीवास्तव, मीडिया सह संयोजक शिवम सिंह सम्राट उपस्थित रहे।

इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए पट्टे पर दी जाएगी भूमि : 10 साल के पट्टे पर मिलेगी भूमि

लखनऊ ब्यूरो : शहरी इलेक्ट्रानिक वाहनों की चार्जिंग और स्वैपिंग स्टेशन बनाने के लिए रियायती दरों पर भूमि पट्टे पर दिए जाएंगे। सरकारी संस्थानों को 10 साल के लिए एक रुपये प्रति किलोवाट की दर पर पट्टे दिए जाएंगे। जबकि निजी संस्थाओं को यह रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर दस साल के लिए एक रुपये प्रति किलोवॉट की दर पर पट्टे दिए जाएंगे। फिलहाल प्रदेश के 17 नगर निगमों को जमीन चिह्नित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस संबंध में विशेष सचिव नगर विकास डा. राजेंद्र पैंसिया ने आदेश जारी किया है,जिसमें चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के संबंध में दिशा–निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि सार्वजनिक स्थानों, पार्किंग स्थलों, मेट्रो स्टेशनों, बस डिपो, टर्मिनल, पेट्रोल पंपों, सरकारी भवनों, कार्पोरेट भवनों, शैक्षिक संस्थानों, स्वास्थ्य संस्थानों, शॉपिंग मॉल के साथ ही वाणिज्यिक स्थानों, ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों आदि में चार्जिंग व स्वैपिंग सुविधा दी जाएगी। इसके लिए चार्जिंग सुविधाओं की स्थापना के लिए सेवा प्रदाताओं को भूमि उपलब्ध

ा कराई जाएगी। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए सरकारी संस्थाओं की भूमि 10 साल के लिए पहले पट्टे पर दी जाएगी। किराया पट्टा अवधि, राजस्व बंटवारा दर व अन्य निर्धारित मानकों के माध्यम से समय–समय पर तय की जाएगी। राज्य सरकार वर्ष 2030 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलाना चाहती है। इसके साथ ही पूरी तरह से ई–बसों को चलाने की तैयारी है। इसके अलावा शासन ने लखनऊ के लिए व्यापक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान (सीईएमपी) बनाने का भी फैसला किया है। बाद में ऐसा ही प्लान दूसरे शहरों के लिए भी तैयार किया जाएगा। सीईएमपी में हरित मार्गों का चिन्हीकरण और इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन के लिए सुगम मार्ग आदि का चिह्निकरण किया जाएगा।

एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी : जच्चा बच्चा स्वस्थ्य

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय क्षेत्र के अंतर्गत उचवा निवासी एक महिला को शनिवार की देर शाम प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय ले जाया जा रहा था।रास्ते में तेज पीड़ा होने पर ईएमटी व पायलट की सूझबूझ से महिला का एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। उचवा गांव निवासी मानु कुमारी पत्नी कर्मवीर यादव को पहले प्रसव के लिए शनिवार की देर शाम प्रसव पीड़ा शुरू हो गई जिसके बाद परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को सूचित किया।सूचना पर 108 एम्बुलेंस की गाड़ी यू.पी 32 बी.जी 9807 के ईएमटी आनंद कुमार पायलट शिव शंकर मौके पर पर पहुंचे एम्बुलेंस से प्रसव पीड़िता को साथ लेकर अस्पताल के लिए चल दिया। तभी रास्ते में ले जाते समय महिला को तेज प्रसव पीड़ा आने लगी।जिसके बाद एम्बुलेंस चालक ने वाहन को सड़क किनारे लगाया।ईएमटी व

पायलट की सूझबूझ की वजह से महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। जिसके बाद जच्चा–बच्चा स्वस्थ होने पर परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना करते हुए विभाग का आभार जताया।

सी.एम.एस. द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन का चौथा दिन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित हो रहे '23वें अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के चौथे दिन का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्द गोपाल 'नंदी' ने कहा कि यह सम्मेलन बच्चों के भविष्य व उनकी भलाई को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है, मुझे विश्वास है कि विश्व एकता व विश्व शान्ति के लिए यह सम्मेलन वरदान साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी के सहयोग व प्रयास से एकता, शान्ति व सौहार्द का वातावरण बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण. शान्तिपूर्ण विश्व व्यवस्था एवं सुरक्षित भविष्य का अधिकार अवश्य मिलेगा। विदित हो कि सी.एम.एस. के तत्वावधान में 18 से 22 नवम्बर तक आयोजित पाँच दिवसीय विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 23वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पार्लियामेन्ट के स्पीकर, न्यायमंत्री, इण्टरनेशनल कोर्ट के न्यायाधीश समेत 57 देशों के 250 से अधिक मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रातःकालीन सत्र के प्लेनरी सेशन में बोलते हुए मेडागास्कर सुप्रीम कोर्ट की सीनियर जज न्यायमूर्ति सुश्री राबेटोकोटनी ताहिना ने कहा कि विश्व के सभी बच्चों की जरूरतें समान होती हैं जैसे कि. शिक्षा, सुरक्षा इत्यादि । यदि समाज विघटित होता है, तो बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते है। कैमरून कान्स्टीट्यूशनल काउन्सिल के जज, न्यायमूर्ति श्री जीन बैप्टिस्ट बास्कोडा ने कहा कि विश्व संसद सम्भव है लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय कानून के नियमों को सामाजिक मानदण्डों के रूप में परिवर्तित किया जाना चाहिए जो कि सामाजिक राज्य बनाने वाले सभी राज्यों, व्यक्तियों और कानूनी संगठनों पर लागू हो। कोस्टारिकन एसोसिएशन ऑफ जजेज के प्रेसीडेन्ट न्यायमूर्ति एड्रियाना ओरोकू चावरिया ने कहा कि बच्चों का हित सभी संस्थाओं का मुख्य मुद्दा होना चाहिए क्योंकि धरती की भलाई उन्ही के सुरक्षित भविष्य द्वारा सुनिश्चित की जा सकती है। कोस्टारिका सुप्रीम कोर्ट के जज, न्यायमूर्ति श्री मिगुएल फर्नांडीज ने कहा कि 'अन्तर्राष्ट्रीय कानून व्यवस्था लागू करना समय की मांग है क्योंकि इसी व्यवस्था के जरिए विश्वव्यापी समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। मोरक्को के कट ऑफ कॉशेसन के वाइस प्रेसीडेन्ट न्यायमूर्ति मोहम्मद नमिरी ने कहा कि एकता व शान्ति स्थापना के लिए सबसे जरूरी है कि मानव अधिकारों का पूरा सम्मान हो । तंजानिया के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति खामिस रमजानी ने कहा कि शिक्षा का अधिकार सभी बच्चों को मिलना ही चाहिए। सुरक्षित एवं सुखद वातावरण

प्रदान करना हम वयस्क लोगों का कर्तव्य है, ये वो स्वयं से नहीं पा सकते। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अन्तिम दिन आज विभिन्न देशों से पधारे न्यायविदों, कानूनविदों व प्रख्यात हस्तियों में अलग–अलग पैरालल सेशन्स जैसे 'क्रिएटिंग कल्चर फॉर यूनिटी एण्ड पीस', 'इस्टेब्लिसिंग रूल ऑफ लॉ', 'हयूमन राइट्स', 'ग्लोबल गवर्नेन्स स्ट्रक्चर', 'टैकलिंग ग्लोबल इश्यूज एवं ''सस्टेनबल आदि विषयों पर विचार–विमर्श का दौर चला। 'हयूमन राइट्स' थीम के अन्तर्गत क्रिएटिंग अवेयरनेस फॉर एण्ड प्रोटेक्शन ऑफ फण्डामेन्टल ह्यूमन राइट्स, वायलेन्स इन एण्ड अगेन्स्ट चिल्ड्रेन, राइट्स ऑफ चिल्ड्रेन एवं राइट्स ऑफ वोमेन एण्ड जेण्डर इक्वलिटी विषयों पर विचार–विमर्श हुआ।इसी प्रकार 'ग्लोबल गवर्नेन्स स्ट्रक्चर' थीम पर आयोजित पैरालल सेशन में यू.एन. रिफार्म – रिव्यू ऑफ द यू.एन. चार्टर, नीड फॉर ए न्यू वर्ल्ड आर्डर आन डेमोक्रेटिक लाइन्स, रिफार्म ऑफ ग्लोबलगवर्नेन्स स्ट्रक्चर आदि विषयों पर व्यापक चर्चा–परिचर्चा हुई तो वहीं दूसरी ओर 'टैकलिंग ग्लोबल इश्यूज' थीम के अन्तर्गत रीजनल एण्ड इण्टरनेशनल टेरोरिज्म, एथनिक एण्ड सिविल वार, न्यूक्लियर डिसआर्मामेन्ट एवं जेण्डर इक्वलिटी एण्ड इम्पावर्मेन्ट ऑफ वोमेन आदि विषयों पर चर्चा हुई। आज अपरान्हः सत्र में एक प्रेस कान्फ्रेन्स में मुख्य न्यायाधीशों के विचारों का निचोड़ पत्रकारों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए सम्मेलन के संयोजक डा. जगदीश गाँधी, प्रख्यात शिक्षाविद् व संस्थापक, सी.एम.एस. ने बताया कि लगभग सभी मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाशीशों व कानूनविदों की आम राय रही कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51 (सी) विश्व की समस्याओं का एक मात्र समाधान है। भारतीय संविधान विश्व के अकेला ऐसा संविधान है जो पूरे विश्व को एकता के सूत्र में जोड़ने की बात कहता है। उन्होंने बताया कि सभी मुख्य न्यायाधीशों ने इस बात को माना कि वे मानवता की आवाज और बुलन्द कर सकते हैं परन्तु अन्तर्राष्ट्रीय कानून तभी प्रभावशाली रूप से लागू किया जा सकता है जब राजनीति से जुड़े लोग भी हमारे साथ मिलकर एक विश्व संसद बनाने का समर्थन दें। सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन में 57 देशों से पधारे न्यायविदों, कानूनविदों व अन्य प्रख्यात हस्तियों के सम्मान में रंगारंग साँस्कृतिक संध्या का आयोजन आज सायं 6.30 बजे सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में किया गया है। प्रदेश के उप–मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे । श्री शर्मा ने बताया कि दुनिया भर के न्यायविदों एवं कानूनविदों द्वारा लगातार चार दिनों तक चले गहन चिंतन–मनन व मंथन का निष्कर्ष कल 22 नवम्बर, मंगलवार को अपरान्हः 1.15 बजे सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में ''लखनऊ घोषणा पत्र'' के रूप में जारी किया जायेगा। इससे पहले, ये सभी प्रख्यात हस्तियाँ लखनऊ भ्रमण पर निकलेंगें एवं लखनऊ की ऐतिहासिक इमारतों के अवलोकन के अलावा यहाँ की गंगा–जमुनी तहजीब को नजदीक से अनुभव करेंगे।

किसानों की अधिक आय का स्रोत बन सकती है बकरी पालन –डॉ गौरव पाण्डेय

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्विद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र बरासिन में बकरी पालन द्वारा किसानो की आय वृद्धि विषय पर पांच दिवसीय व्यावससिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन किया गया। केन्द्र के पशु चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ गौरव पाण्डेय द्वारा इन पांच दिवसों में किसानो को आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीको से बकरी पालन करना सिखाया गया इसमें मुख्य रूप से स्थान का चयन, बकरी के नस्ल का सही चयन, आवास प्रबंधन, पशु पोषण की विस्तृत जानकारी, बीमारियों का सही समय पर टिकाकरण एवं उपचार, नस्ल सुधार एंव गर्भवती बकरियों एवं नवजात बच्चों का विशेष ध्यान कैसे रखे, बकरे के मांस एवं बकरी के दूध की पौष्टिक महत्व आदि की जानकारी एवं सलाह किसानो को दी गयी । डॉ गौरव ने किसानो को उत्तर प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा संचालित पशु योजनाओ एवं उसके लिए बैंक से लोन सुविधाओं से भी अवगत कराया। समापन समारोह की अध्यक्षता केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी पी सिंह द्वारा की गयी। डॉ सिंह ने किसानो को केन्द्र पर दिए गए प्रशिक्षण द्वारा ज्यादा से ज्यादा संख्या में बकरी पालन कर आय वृद्धि करने की अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं उद्यान वैज्ञानिक डॉ विनोद सिंह ने बकरी के गोबर की खाद को फलदार वृक्षों के लिए बहुत उपयोगी बताया कार्यक्रम में केन्द्र के पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ हिमांशु सिंह, बीज तकनिकी वैज्ञानिक डॉ कोटेश लामानी, एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ सर्व समाज के नेता है मोदी जी – अजीत रावत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा रविवार को बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत जौनपुर में विधानसभा सदर के ग्राम पंचायत गंनघनुआ में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने बस्ती–बस्ती जाकर प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अनुसूचित समाज के लोगों को बताया और उनको आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सरकारी कर्मचारियों द्वारा आप लोगों तक पहुंचाया जाएगा बीच में बिचौलियों को हटाते हुए सीधा लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना भारतीय जनता पार्टी व सरकार की मुहिम है जिसमें किसी भी प्रकार से कोई भी अपात्र व्यक्ति नहीं छूट पाए। जिसको लेकर सरकारी विभाग कर्मचारियों को भी कड़े आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने बताया कि जिले के अति सुदूर क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार व जागरूकता अभियान करना अति आवश्यक है जिससे कि सरकार की मंशा के अनुसार सारी योजनाओं का लाभ हर समुदाय सहित अनुसूचित समुदाय के लोगों तक पहुंचाया जा सके जिसके तहत कोई भी परिवार पात्र छूट ना जाये।

उन्होंने सोनकर बस्ती में सहभोज कार्यक्रम में शिरकत कर खिचड़ी खाई। जौनपुर के भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सरोज ने कहा कि सारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए इसके लिये सरकार कटिबद्ध है वहीं मौजूद ग्रामीणों के बीच सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर ग्रामीणों में पंपलेट वितरित किया गया जिससे की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला महामंत्री निखिल सोनकर, उपाध्यक्ष अर्जुन पासवान, संजीव गौतम, संजय पासवान, साहब लाल चौधरी, संजीव गौतम, संजय सरोज, प्रिंस गौतम, राजबहादुर, संतोष सोनकर दीपक गौतम, जसवंत सोनकर, प्रेमसागर, विजय कुमार, राजेश सरोज साथ ही सोनकर और पासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

निकाय चुनाव को लेकर राष्ट्रीय सचिव ने किया समीक्षा बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निकाय चुनाव के लिए अपना दल एस पार्टी ने पूरी तरह से कमर कस ली है।चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारी जमीनी स्तर पर हर हाल में जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी एड़ी से चोटी का जोर लगा दिए हैं। चुनाव की तैयारियों को लेकर को जिला कार्यालय वाजिदपुर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक ली। उन्होंने बैठक में निकाय चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ गहन मंत्रणा की।सभी वार्ड के सभासद एवं टाउन एरिया तथा नगरपालिका की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने के विषय में विचार विमर्श किया गया। राष्ट्रीय सचिव ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की आलाकमान,राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष से बातचीत कर रही हैं।बातचीत के दौरान यदि सकारात्मक परिणाम सामने आया तो प्रदेश में निकाय चुनाव में गठबंधन के तहत पार्टी अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारेगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी कारण बस गठबंधन नहीं बन सका तो हमारी पार्टी अपने चुनाव चिन्ह कप प्लेट पर पूरे प्रदेश में निकाय चुनाव पूरी मजबूती और दमदारी के साथ लड़ेगी और हर हाल में चुनाव जीतेगी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हमारी पार्टी तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी है और हमारी पार्टी का पूरा ध्यान निकाय चुनाव पर है जिसमें अच्छे और सकारात्मक

परिणाम सामने आएंगे।उन्होंने कहा कि पार्टी गांव तथा शहरों में जमीनी स्तर पर अत्यंत मजबूत है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश विदेश में पार्टी की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व के मानसिक पटल पर स्थापित हुई है जिसका एकमात्र कारण केंद्रीय मंत्री की दिन रात की लगन मेहनत और देश के गरीबों और पिछड़ों की हक की लड़ाई के लिए संघर्षरत रहना है। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि 25 वर्षों से इस सीट पर आसीन जनप्रतिनिधि ने केवल जनता का शोषण किया है और विकास को धरातल के बजाय रसातल में पहुंचा दिया है। जनता अब अधिक अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी ।उन्होंने कहा कि जनता अब की बार सत्ता परिवर्तन चाहती है और लगातार एक ही व्यक्ति से ऊब चुकी है। पार्टी जिले की टाउन एरिया की सीट पर सशक्त प्रत्याशी उतारने का मन बना चुकी है और हर हाल में जीत हासिल करके सर्वांगीण विकास की एक अनोखी मिसाल कायम करेगी।अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिवनायक पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारा संगठन निकाय चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है और संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है । जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी निकाय चुनाव में भी चौकाने वाला रिजल्ट लाने वाली है।कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष विकास मौर्य ने किया।मौके पर मान सिंह पटेल, डॉ मनीष यादव,,राम अवध दुबे ,रामधनी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस और गोतस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर गिरफ्तार : दो के पैर में लगी गोली व 3 फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाराजगंज थाना अंतर्गत रविवार देर रात पुलिस और दुर्दान्त पशु तस्करो के बीच मुठभेड़ हुई । दोनों तरफ से धुँवाधार गोलियां चली , एनकाउंटर में तीन बदमाशों पकड़े गए है जिसमे दो के पैर में गोली लगी तथा तीन तस्कर फरार हो गए है। पुलिस उनकी सरगर्मी से तलास कर रही है ।बदमाशो के कब्जे से एक बोलेरो, दो गोवंश, दो तमंचा 315 बोर, 04 कारतूस 315 बोर, 3850 रूपया नगद, 05 मोबाईल बरामद हुआ है। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर महराजगंज थाना और क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि शातिर दुर्दान्त गो–तस्कर जिन्होने थाना मुंगराबादशाहपुर से पिकअप भी चोरी किया था सुजानगंज की तरफ से आ रहे है।इस सूचना पर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उमरीकला मोड़ के पास पहुँचकर उक्त गो–तस्करो के आने का इन्तजार करने लगे तभी वहाँ से तेज रफ्तार में दो वाहन आते दिखायी दिये पुलिस द्वारा इनको रोकने का प्रयास करने पर बोलेरो मै बैठे बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। फायरिंग के जवाब में आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा ललकारने पर बोलेरो सवार तीन बदमाश गाड़ी से उतरकर खेत की तरफ फायरिंग करते हुए भागने लगे जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें 02 बदमाश घायल होकर गिर पड़े व 01 बदमाश को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। वही दूसरे वाहन पिकअप में सवार 03 अन्य

बदमाश प्राणघातक गति में वाहन चलाते हुए बदलापुर की तरफ भाग गये। घायल बदमाशो को प्राथमिक उपचार सीएचसी बदलापुर से सदर अस्पताल जौनपुर के लिए रेफर कर दिया गया। सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।सभी गिरफ्तार अभिनेताओं के खिलाफ गौ तस्करी युवा अन्य मामलों में लगभग दर्जनों आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता.उमर अली पुत्र साबिर अली उर्फ निक्कू निवासी लमहन थाना महराजगंज (हिस्ट्री शीट नं0 6 ए थाना महराजगंज) (घायल),बुनेल कंकाली पुत्र कल्लू निवासी मोहम्मदपुर भिटिया थाना गम्भीरपुर आजमगढ़ (घायल), शमीउल्लाह कुरैशी पुत्र मंजूर कुरैशी निवासी फरीहा थाना निजामाबाद आजमगढ़ है जबकि फरार अभियुक्तों में शाहबाज पुत्र शाहिद निवासी मोहम्मदपुर भिटिया थाना गम्भीरपुर आजमगढ, अबूशाद पुत्र साबिर निवासी मोहम्मदपुर भिटिया थाना गम्भीरपुर आजमगढ,राशिद पुत्र महमूद अल हसन निवासी हंसवार जनपद अम्बेडकर नगर है।जिनकी सरगर्मी से तलाश किया जा रहा है।

तीन के खिलाफ युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर एक माह पूर्व युवती को अपहृत कर लिया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। युवती के पिता ने बताया कि उनकी पुत्र क्षेत्र के एक महाविद्यालय में पढ़ने जाती थी, जहां रामगढ़ गांव निवासी अतुल यादब युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले गया। पता चलने पर युवती के पिता ने पंचायत बुलाई, लेकिन मामले का निस्तारण नही हुआ। अंत में तहरीर दिया गया। के आधार पर पुलिस ने आरोपित अतुल यादव, उसके पिता सतीश यादव व मां शशिकला के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया।

स्कूटी सवार दो युवतियों को तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर : भेजा गया जिला अस्पताल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर– केराकत मार्ग पर जौनपुर शहर से जफराबाद की तरफ जा रही स्कूटी सवार दो युवतियों को सरैयां मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दिया। घटना से दोनों युवतियां घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों को उठाकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। मौके से पिकअप चालक गाड़ी सहित फरार होने में सफल रहा। बता दें कि जौनपुर शहर कोतवाली क्षेत्र की निवासी शिवांगी 20 पुत्री राजेश व आँचल 18 पुत्री घनश्याम अपनी एक्टिवा स्कूटी से रविवार को किसी कार्य के लिए जौनपुर शहर से जफराबाद के तरफ जा रही थी। जफराबाद थाना क्षेत्र के सरैयां मोड़ के पास शाम लगभग चार बजे विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने दोनों को टक्कर मारते हुए फरार हो गई। घटना से दोनों युवतियां घायल हो गई। घायल दोनों युवतियों को उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारियों का प्रचार प्रसार पकड़ा जोर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का चुनाव प्रचार पूरे चरम पर पहुंच गया है। जिसमें मठाधीश अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार करने में एड़ी चोटी लगा दिए हैं । वहीं पूर्व महामंत्री डॉ स्वतंत्र कुमार ने का पलड़ा भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। कई पदों पर कांटे की टक्कर है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय का शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का चुनाव 22 नवंबर को होगा। प्रत्याशियो का प्रचार प्रसार पूरे चरम पर पहुंच गया है ।कर्मचारियों को अपने अपने पाले में करने के लिए मठाधीश हर दांव लगाने में जुटे हैं। कई पदों पर कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पूर्व महामंत्री डॉ स्वतंत्र कुमार ने कहां कि कर्मचारी समस्या का निस्तारण मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि निलंबित कर्मचारियों को बहाल एवं रेगुलर कर्मचारियों को प्रोन्नत कराया जाएगा। संविदा कर्मचारियों को वेतन क्रम में लगाने का काम किया जाएगा। पद वर्गीकरण 2013 से लागू कराया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कोटे के अनुरूप पदोन्नत कराया जाएगा। कर्मचारियो की रुकी हुई मूल्यांकन प्राथमिक दिलाए जाएगा । इसके पूर्व हमने मृतक आश्रितो को नौकरी दिलवाने का काम किया । कर्मचारियो के 109 पद नियमित लाभ के लिए शासन से पत्राचार किया है ,कर्मचारी हित में मुहर लग चुकी है। शासनादेश आते ही वह नियमित हो जाएंगे। जो भी काम होंगे कर्मचारी हित होगे किए जाएंगे। इसी क्रम में अध्यक्ष पद के लिए नंदकिशोर व वारिंदर यादव ताल ठोक रहे हैं। महामंत्री पद पर रमेश चंद्र यादव ,श्याम त्रिपाठी, उमाशंकर, राजकुमार मे टक्कर होगी। उपाध्यक्ष पद के लिए स्वामीनाथ, ऋषि रघुवंशी, केशव प्रसाद कडी टक्कर है। कोषाध्यक्ष पर शमशाद अली व 10 सदस्य का निर्विरोध होना तय है । चौबीस प्रत्याशी मैदान में हैं और 341 कर्मचारी इनके भाग्य का फैसला करेंगे।

बीआरएस ट्रस्ट द्वारा डॉ अम्बेडकर और राष्ट्रवाद पर किया गया चर्चा का आयोजन

मछलीशहर (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) : डॉ अम्बेडकर और राष्ट्रवाद पर चर्चा का अयोजन––भगवंती देवी– राजमुर्ति सरोज (बीआरएस) चरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मछली शहर (जौनपुर) मे राष्ट्रवादी लेखक श्री बसंत कुमार द्वारा लिखित पुस्तक अम्बेडकर एवम राष्ट्रवाद पर विशेष परिचर्चा का

आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम को विशेष अतिथि के रूप मे पूर्व उप सचिव व सलाहकार एम एस एम ई मंत्रालय भा स श्री बसंत कुमार, पूर्व जिला जज श्री बी एन सिंह, डा देवेंद्र सरोज प्रो सरे विश्व विद्यालय लंदन, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अमेंद्र श्रीवास्तव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से संबोधित किया, इस परिचर्चा मे विभिन्नक्षेत् मे अपना विशिष्ठ योगदान देने वाले बुद्ध जीवियो ने अम्बेडकर और राष्ट्रवाद पर फैलाई जा रही अनेक भ्रांतियों पर अपना संदेह दूर करने केलिए अनेक प्रश्न पूछे जिनका पुस्तक के लेखक बसंत कुमार अन्य विशिष्ठ अतिथियों ने संतोष पूर्ण जवाब दिया, कार्यक्रम मे क्षेत्र के विशिष्ठ लोगो मे श्री राजेश सिंह, संतोष मिश्र, संतोष बिंद, कृपा शंकर श्री वास्तव् , राम बहादुर सिंह, गोपाल मणि तिवारी (मोहरियांव), विनोद पटेल (गौहानी), रंजीत सरोज (ढेमा) और अनेक युवाओ ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। बीआरएस चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने ग्रामीण शिक्षा और विकास पर परिचर्चा की और ट्रस्ट के उद्देश्यों से अवगत कराया।

470 नई सड़कें बनाने के लिए 629 करोड़ मंजूर : ठेकेदार की पांच वर्ष तक रखरखाव की जिम्मेदारी

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में 470 नई सड़कें बनाने के लिए 629 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। ये सड़कें गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ेंगी। निर्माण के पांच साल बाद तक रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। इसके लिए एस्टीमेट में मरम्मत लागत भी शामिल की गई है। राज्य सरकार ने ग्रामीण सड़कों को खास तरजीह देने का फैसला किया है। इसलिए नाबार्ड से वित्तीय मदद लेते हुए रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट फंड (आरआईडीएफ) योजना के तहत कुल 768 किमी लंबे नए मार्ग बनाने के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इतना ही नहीं काम प्रारंभ करने के लिए 424 करोड़ रुपये का बजट जारी भी कर दिया है। इनमें से 65 सड़कें जौनपुर और 64 सड़कें बहराइच में बनाई जाएंगी। गोंडा में 43, प्रतापगढ़ में 25, सोनभद्र में 26, लखीमपुर खीरी में 13, सीतापुर में 20, गोरखपुर में 27, महराजगंज में 40, कुशीनगर में 10, आजमगढ़ में 23 और अंबेडकरनगर में 13 नए संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे। शेष सड़कें अन्य जिलों में हैं। सभी 470 सड़कों के निर्माण की लागत 576.24 करोड़ रुपये और पांच साल तक रखरखाव की लागत 52. 97 करोड़ रुपये स्वीकृत हुई है।

जिला कारागार जौनपुर का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विवेक विक्रम ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सदस्य सचिव माननीय संजय सिंह द्वारा विशेष कार्याधीकारी भागीरथ वर्मा, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम की उपस्थिति में 20 नवम्बर 2022 को जिला कारागार जौनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1182 बन्दी है, जिनमें 188 पुरूष तथा 07 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 863 पुरूष तथा 50 महिलाऍ एवं 43 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी तथा प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागार से प्राप्त बंदियों की संख्या 30 है। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 08 बच्चे हैं। माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सदस्य सचिव संजय सिंह, कारागार में साफ–सफाई को इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया को निर्देशित किया गया। जेलर द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जेल अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह मुख्य चिकित्साधिकारी से सामंजस्य स्थापित करते हुए बंदियों की एच0आई0वी0 की जॉच नियमित अंतराल पर कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में निरूद्ध एक विकलांग व्यक्ति पाया गया जिसका नाम विजलेश पुत्र रामगुलाब पता ठाठर थाना आसपूर देवसरा जिला प्रतापगढ अ0स0 336/22 थाना बदलापुर धारा 366, 376, 120 आईपीसी जिला जौनपुर के प्रकरण में जिला कारागार में निरूद्ध है जिसके संबंध में चिकित्साधिकारी डा0 रविराज द्वारा बताया गया कि उक्त बंदी 80 प्रतिशत शारीरिक रूप से विकलांग है, तथा चलने फिरने में असमर्थ है एवं उक्त बंदी को दैनिक क्रिया कलाप करने हेतु भी किसी अन्य व्यक्ति की आवश्यकता पड़ती है। जिसपर माननीय सदस्य सचिव द्वारा अप्रसन्नता

व्यक्त करते हुए उसको विधिक सहायता हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर को निर्देशित किया। उक्त बंदी के संबंध में चिकित्साधिकारी डा0 रविराज से आख्या लेते हुए उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ को विस्तृत आख्या प्रेषित करने हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर को निर्देशित किया गया तथा इसके अतिरिक्त बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता स्तर हीन पायी गयी तथा जेलर को कडाई से निर्देशित किया गया कि बंदियों को उचित गुणवत्ता के भोजन दिलायें जाने की समुचित व्यवस्था करें। निरीक्षण के दौरान उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सदस्य सचिव माननीय संजय सिंह, द्वारा बताया गया कि ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कारागार स्तर पर किसी भी सिद्धदोष बन्दी की जेल अपील लम्बित नहीं है सभी बंदियों की अपील की जा चुकी है। इस अवसर पर जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व श्रीमती सुषमा शुक्ला, चिकित्साधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

विद्यालय के विकास की धुरी होता है जागरूक समुदाय – आनन्द सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के भीलमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर सोमवार को गांव निवासी दो अधिकारी भाइयों द्वारा बच्चो को बैठने के लिए 15 सेट डेस्क बेंच दिया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय में उनके सम्मान में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी विद्यालय के विकास में समुदाय की अग्रणी भूमिका होती है।वी विकास की धुरी होता है। बच्चो के बैठने के लिए गांव के दीन दयाल तिवारी व उनके भाई नीरज तिवारी ने 15 सेट डेस्क बेंच दान किया है ।इसके लिए जनकी जितनी प्रशंसा की जय कम है।वे दोनों उच्च पदों पर सेवा में रहते हुए भी अपने गांव को नही भूले यह हम सबके के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व राष्ट्रपति से पुरष्कृत सेवा निवृत्त शिक्षक लल्लन उपाध्याय ने कहा कि धन की महत्ता दान से है।इसका सदुपयोग बच्चो को सविधाये उपलब्ध कराने वाले टेलीकॉम एरिया मैनेजर व पेट्रोलियम कम्पनी के डायरेक्टर ये दोनों युवक वंदनीय हैं। दूसरे विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा समुदाय ही वह शक्ति है जो किसी भी शिक्षण संस्थान कि गति विधियों पर नजर रखते हुए उसमें सुधार लाने का सद्प्रयास कर सकता है। यह विद्यालय जल्द ही स्मार्ट क्लास व सीसी टीवी कैमरे से आच्छादित होगा। प्रारम्भ में शिक्षक श्री प्रकाश मिश्र ने अभ्यागतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। दान वीर दींन दयाल तिवारी व नीरज तिवारी ने बच्चो संग अपने संस्मरण बॉटे। कार्यक्रम से प्रभावित होकर बभनौली गांव के मूल निवासी व मुम्बई के उद्योग पति कमलेश मिश्र ने भी ने गांव के

विद्यालय मे कुछ जरूरी सविधाये मुहैया कराने की इच्छा जताई। प्रमुख रूप से प्रेम तिवारी, शिवम सिंह,वीरेंद्र तिवारी कपूरचंद राजा जीत,देवी प्रसाद,फूल चंद मिश्र,सरिता तिवारी,शिव शंकर यादव,शीतला यादव, विनय तिवारी आदि रहे।संचालन संकुल प्रभारी डॉ विजय बहादुर सिंह तथा अध्यक्षता पूर्व प्रमुख सुधाकर उपाध्याय ने किया।आभार ज्ञापन गुलाब चन्द्र तिवारी ने किया।

स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह की 117 वर्षीय पत्नी का निधन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह की 117 वर्षीय पत्नी का आज निधन हो गया है। जिन्हें 2021में राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र –छात्राओं एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष पाण्डेय ने उनके निजी आवास (रामेश्वर शिशु मंदिर) पहूंच कर तात्कालिक प्राचार्य प्रो.(डां) अखिलेश्वर शुक्ला द्वारा श्रीमती विमला सिंह जी की उपस्थिति में सम्मानित किया गया था। राज महाविद्यालय दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं परिवारी जनों को सहनशक्ति एवं साहस के लिए परम् पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है। ओम् शांति शांति शांति

23वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन : सीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति और विश्व के मुख्य न्यायाधीशों से की चर्चा

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर मॉरिशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन व प्रथम महिला संयुक्ता रूपन और कई देशों के पूर्व राष्ट्राध्यक्षों व न्यायाधीशों के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। यह सभी मुख्य न्यायाधीशों के 23वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए लखनऊ आए हुए हैं। सीएम ने इस दौरान अतिथियों से विचार–विमर्श किया और ओडीओपी उत्पाद भी भेंट किए। इस अवसर पर एंटीगुआ और बारमूडा के गवर्नर जनरल सर राडने एरे लारेंस विलियम्स, रोमानिया के पूर्व राष्ट्रपति एमिल कन्स्टेंटिनेस्कु, क्रोएशिया के पूर्व राष्ट्रपति स्पेजेपन मेसिक, लेसोथो के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. पकालीथा बी. मोसिसिली, हैती के पूर्व प्रधानमंत्री जीन हेनरी सेंट, घाना की संसद के स्पीकर अल्बन सुमाना किंग्सफोर्ड बागविन, सिटी मॉंटेसरी स्कूल के संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी आदि उपस्थित थे। मारीशस के राष्ट्रपति पृथ्वी राज सिंह रूपन ने किया इमामबाड़े का दीदार मारीशस के राष्ट्रपति पृथ्वी राज सिंह रूपन ने रविवार को आसिफी इमामबाड़े पहुंच कर दीदार किया। इस दौरान वो इमामबाड़े की ऐतिहासिकता और उसके धार्मिक महत्व से भी रुबरू हुये। मारीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन एक कार्यक्रम के सिलसिले में राजधानी मे हैं। शाम को वो हुसैनाबाद स्थित बड़े इमामबाड़े पहुंचे थे। हुसैनाबाद ट्रस्ट के अधीक्षक अहमद मेंहदी ने बताया कि शाम को करीब चार बजे मारीशस के राष्ट्रपति बड़ा इमामबाड़ा पहुंचे और परिसर के दीदार किये। करीब 20 मिनट तक इमामबाड़े में रुके राष्ट्रपति को वरिष्ठ गाइड मुख्तार हुसैन जियो ने इमामबाड़े की ऐतिहासिक और उसके उसके धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारीशस के राष्ट्रपति का भूल भुलैया, छोटा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी जाने का भी कार्यक्रम था। अपने तय समय से काफी देर से पहुंचने की वजह से उनका वहां जाने का कार्यक्रम रदद हो गया।

ऊष्मा वर्मा 'सजल' द्वारा लिखित मैं पलाश गुलमोहर जैसी' पुस्तक का हुआ विमोचन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद के तत्वावधान में रविवार, दिनांक 20 नवम्बर, 2022 को संगठन की वरिष्ठ सदस्य उष्मा वर्मा 'सजल' द्वारा लिखी एवं रुद्रादित्य प्रकाशन से प्रकाशित पुस्तक 'मैं पलाश गुलमोहर जैसी' का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारत भूषण अग्रवाल पुरस्कार, केदार सम्मान, रघुपति सहाय सम्मान और रूस के पुश्किन सम्मान से सम्मानित देश के वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि ऊष्मा जी की कविताएँ जीवन के सहज दुःख–सुख के साथ समाज की पीड़ा का वृत्तांत रचने वाली रचनाएँ हैं। वे संसार को एक स्त्री की निगाह से देखती हैं, स्पष्ट है कि उनकी इस दृष्टि में करुणा और संवेदनशीलता है, किन्तु यह कोरी भावुकता की रचनाएँ नहीं हैं बल्कि उनमें एक गम्भीर जीवन–दर्शन भी मौजूद है। यह अकारण नहीं कि वे लिखती हैं कि 'सम्बन्धों की दीवारों से, लिपटी है सारी अभिलाषा। पल दो पल की क्या बात करें, सारा जीवन ही है प्यासा' ।वे समाज की विसंगतियों के बीच प्रेम जैसे कोमल तत्व को बचाये रखना चाहती हैं लेकिन उसके साथ–साथ उम्मीद का रास्ता भी तलाशती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कवयित्री यूँ ही अपनी काव्ययात्रा को आगे बढ़ाती रहेंगी।इस मौके पर इलाहाबाद से आए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं उद्घोषक संजय पुरुषार्थी ने कहा कि जहाँ एक ओर कवि दुष्यन्त कुमार की पीर पर्वत की ऊँचाई को अपना प्रतीक बनाती है वहीं ऊष्मा सजल अपने दुःखों से निजात पाने के बजाय दुःख के संचयन के लिए संग्रहालय को प्रतीक के रूप में परिकल्पित करती हुई दिखती हैं। उन्होंने कहा कि ऊष्मा सजल के इस पहले गीत गजल संग्रह की अधिकांश रचनाएँ उनके लेखन के आरम्भिक कालखण्ड की हैं जिसमें बनावटीपन एकदम नहीं है, अपितु वे मिट्टी की पावनता और सोंधेपन की मनभावन सुगंध से भी ओतप्रोत हैं। श्री संजय ने कहा कि आत्ममुग्धता से परे परिपक्वता के पथ पर अग्रसर कवयित्री ऊष्मा का चिंतन और लेखन नित नूतन शिखर अर्जित करे मेरी यहीं शुभकामना है। कार्यक्रम का संयोजन–संचालन कर रहे डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि संग्रह का नाम ही कृतित्व की सार्थकता को स्पष्ट करता है। कवयित्री ने खुद को पलाश और गुलमोहर के रूप में देखा है, जो भयंकर ग्रीष्म में खिलने वाले फूल हैं। स्पष्ट है कि वे स्वयं को कोमलता की रूढ़ छवि से बाहर निकालकर विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष करने वाली स्त्री के रूप में देखती हैं। उनकी कविता में जो भावुकता है वह

भी अपनी प्रतिबद्धता में आकार लेती है और पूरे संसार के दुखों के प्रति करुणा में प्रतिध्वनित होती है। वे समय के कठिन प्रश्नों को अपने गीतों और गजलों में उठाते हुए हिचकती नहीं हैं। वे इसीलिए कह पाती हैं कि 'कोई भी प्रश्न आज तक बूढ़ा नहीं हुआ, जब भी उन्हें उठाया ज्वलन्त हो गया। बेकारी वही, भूख वही, सहमा आदमी, सब कहते हैं कि देश ये स्वतंत्र हो गया। वही इसी कड़ी में वरिष्ठ लेखिका पूनम सूद ने कहा कि प्रायः गीत–गजल को परम्परागत विधा समझ लिया जाता है लेकिन ऊष्मा जी ने यह सिद्ध किया है कि उनमें भी आधुनिक प्रयोग किये जा सकते हैं। वे बिल्कुल नये तेवर के साथ अपनी रचनाएँ लिख रही हैं, उनके इस प्रयास को एक उम्मीद की तरह देखा जाना चाहिए। उन्होंने कविता में लय की जरूरत पर बल दिया और साथ ही स्त्री–मुक्ति की वैचारिक कविता के महत्व को रेखांकित किया।इससे पूर्व संगठन के सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने आमंत्रित साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, कलाकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया और अपने वक्तव्य में इस पुस्तक को एक महत्वपूर्ण कृति बताया। उन्होंने कहा कि एक स्त्री के रूप में ऊष्मा जी ने समाज को जिस तरह देखा है और उसकी व्याख्या की है, वह अभूतपूर्व है। इस अवसर पर ऊष्मा सजल ने अपना संक्षिप्त वक्तव्य प्रस्तुत किया और संग्रह से अपनी चुनी हुई रचनाओं का पाठ प्रस्तुत किया।इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह, डा. रघुवंशमणि, आरडी आनंद, कवयित्री कंचन जायसवाल, विनीता कुशवाहा, कंचन दुबे, युवा साहित्यकार नीरज सिन्हा नीर, कबीर, रामानंद सागर,डॉक्टर प्रदीप सिंह,डाक्टर मोतीलाल तिवारी,डाक्टर बिंदमणि,डाक्टर अतुल मिश्रा,शिवधर द्विवेदी,अर्जुन प्रसाद वर्मा,गंगाराम मौर्या,बृजेष मौर्या,सत्यनारायण सिंह,रेनू तिवारी,अनामिका तिवारी,रूबी तिवारी,तारा तिवारी,शिवानी सिंह,पूजा श्रीवास्तव,अखिलेश सिंह,जनौस जिलाध्यक्ष धीरज द्विवेदी,सचिव शेरबहादुर शेर,बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आरडी आनंद,भाकपा माले के जिला प्राभारी अतीक अहमद,शहीद शोध संस्थान के प्रबंधक सूर्यकांत पांडेय, विश्राम प्रजापति,विजय श्रीवास्तव, संजय, मुजम्मिल फिदा, राजयय विजय, उषा अनिल,साधना सिंह,अंकित वर्मा,राजन वर्मा,फ्रोफेसर एसपी वर्मा,मोहम्मद हमीद,जगदीश,राम दुलारे यादव,प्रदीप कनौजिया,अंजनी पाठक,आकाश गुप्ता,राजेश चौबे,केक पांडेय,संजीव कुमार सिंह,दैवत एन कुमार सहित सैकड़ो महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने पुनरीक्षण अभियान के तहत किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंडलायुक्त/रोल आब्जर्वर नवदीप रिणवा ने अर्हता 01 जनवरी 2023 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को निरीक्षण किया।उन्होंने द्वितीय विशेष अभियान दिवस के अवसर पर विधानसभा 275– अयोध्या निर्वाचन क्षेत्र के पदाविहित स्थानो यथा प्राइमरी/जूनियर जूनियर हाई स्कूल छावनी परिषद अयोध्या के 01 से 05 के 05 मतदेय स्थल, एम.एल.एम.एल. इंटर कॉलेज अयोध्या के 41 से 45 कुल 05 मतदेय स्थल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के 14 से 18 कुल 04 मतदेय स्थल, कार्यालय बेसिक शिक्षा निदेशक के 19से 22 कुल 03 मतदेय स्थल तथा प्राथमिक विद्यालय हसनू कटरा के 27 से 32 कुल 06 मतदेय स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बी एल ओ को निर्देश दिए कि नाम परिवर्धन व विलोपन का कार्य पूरी सजगता के साथ किया जाए तथा अपनी भाग संख्या में निवासित सभी महिलाओं एवं युवाओ का नाम वोटर लिस्ट में शतप्रतिशत जोड़ा जाए । इस

अवसर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह,एस डी एम /जॉइंट मजिस्ट्रेट विशाल कुमार सहित सम्बन्धित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नेपाल सीमा से लगे गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के आय स्रोतों की कराई जाएगी जांच : होगा जकात का खुलासा

लखनऊ ब्यूरो : नेपाल सीमा पर स्थित यूपी के जिलों के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों में आय के स्रोत की जांच होगी। सर्वे में ज्यादातर सीमावर्ती मदरसों ने अपनी आय का स्रोत जकात बताया है। अब पता लगाया जाएगा कि बॉर्डर के गैर मान्यता प्राप्त डेढ़ हजार से ज्यादा मदरसों को यह जकात कहां से मिल रही है। इसके लिए सीएम की अध्यक्षता में बैठक होने जा रही है। प्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे पूरा हो चुका है। सर्वे में सामने आया है कि करीब साढ़े आठ हजार मदरसे ऐसे हैं जिन्होंने मान्यता नहीं ली है। इनमें 7.64 लाख से ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं। सर्वे में ज्यादातर मदरसों ने आय का स्रोत जकात को बताया है। सरकार भी यह मान भी रही है, लेकिन सरकार की मंशा है कि जकात का जरिया भी पता होना चाहिए। खास तौर से नेपाल बॉर्डर के जिलों में इस पर फोकस करने को कहा गया है। बॉर्डर के जिलों सिद्धार्थनगर में 500 से ज्यादा, बलरामपुर में 400 से ज्यादा, लखीमपुर खीरी में 200, महराजगंज में 60, बहराइच तथा श्रावस्ती में 400 से ज्यादा मदरसे गैर मान्यता प्राप्त मिले हैं। इन सभी मदरसों में देखा जाएगा कि उन्हें जकात कहां से मिल रही है। हालांकि कई मदरसों ने मौखिक बताया है कि उन्हें कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद सहित कई महानगरों से जकात मिलती है। कुछ मदरसों को दुबई व नेपाल के भी सहयोग राशि देते हैं। लेकिन लिखित में दस्तावेज खंगाले जाएंगे कि कहां कहां से कितना पैसा आया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि इसके लिए सीएम की अध्यक्षता में बैठक होगी और उनसे इस पर मंजूरी ली जाएगी ताकि इस पर पूरी गंभीरता से काम हो सके। बैठक में कार्रवाई पर होगा फैसला गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर क्या कार्रवाई होगी, सीएम की बैठक में इस पर मंथन होगा। मंत्री के मुताबिक सरकार की मंशा है कि मदरसों में पढ़ रहे छात्र ऐसी संस्थाओं में पढ़ें जहां उनका भविष्य संवर सके और वे मुख्य धारा से जुड़ें। ये है जकात इस्लाम में हर उस मुसलमान को जकात देनी चाहिए जिसके पास 52.5 तोले चांदी के बराबर चल या अचल संपत्ति है। इसमें निजी मकान और गाड़ी को छोड़ा गया है। ऐसे व्यक्ति को अपनी सालाना बचत का 2.5 प्रतिशत हिस्सा गरीबों को दान या जकात देना चाहिए। वैसे तो जकात का फर्ज तभी हो जाता है जब व्यक्ति की हैसियत हो जाती है, लेकिन लोग रमजान के पाक महीने में ज्यादा जकात करते हैं।

नजूल सेतु निर्माण निगम व लोक निर्माण विभाग द्वारा नाप जोख से अतिक्रमणकारियों में दिखा हड़कंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र मे मार्ग चौड़ीकरण को लेकर नजूल विभाग के साथ साथ लोक निर्माण विभाग व सेतु निर्माण निगम के कर्मियों ने राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगंज से नाप जोख का कार्य शुरु किया।जिसके चलते वहां वर्षो से नजूल की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किये अतिक्रमण कारियो में हड़कंप मच गया।रविवार को तहसीलदार नजूल विभाग विनय बरनवाल के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग व सेतु निर्माण निगम के कर्मियों ने राजकीय इंटर कालेज फतेहगंज से नपाई का कार्य शुरु किया। इस संबंध में इन अधिकारियों व कर्मचारियों ने बताया कि यहां पर हो रहे नपाई का कार्य क्षत्रिय बोर्डिग हाउस लालबाग तक चलेगा।जिसके चलते वहां पर खासकर राजकीय इंटर कालेज फतेहगंज, फतेहगंज –कसाबबाड़ा तिराहा, फतेहगंज चौराहा, फतेहगंज रेलवे क्रासिंग व क्षत्रिय बोर्डिग लालबाग के आस पास नजूल विभाग के जमीन पर अनाधिकृत रूप से वर्षों से काबिज अतिक्रमणकारियों में हड़कंप रहा।इस दौरान ये सभी अपने अपने आकाओं से फोन पर बात

करते हुये दिखाई दे रहे थे।इनके चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ साफ दिखाई दे रही थी। इस संबंध में तहसीलदार नजूल ने बताया कि हम उन सभी अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही कर रहे है जो अनाधिकृत रूप से नजूल की जमीन पर कब्जा कर मार्ग पर अतिक्रमण किये है। वही कुछ कर्मी दबे मन से यह भी कहते दिखाई दे रहे थे कि राजकीय इंटर कालेज फतेहगंज से नाप क्षत्रिय बोर्डिंग लालबाग तक यह कार्यवाही इस लिये की जा रही है कि ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य यहां से होगा।जो क्षत्रिय बोर्डिग लालबाग तक जायेगा।

सरयू की ओर से भी अभेद्य होगी मंदिर की सुरक्षा – नृपेन्द्र मिश्र

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राममंदिर निर्माण समिति की बैठक में राम मंदिर सहित अयोध्या की सुरक्षा को लेकर भी मंथन हुआ, समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के समक्ष सुरक्षा की बारीकियों को लेकर सुरक्षा अधिकारियों ने प्रजेंटेशन दिया सरयू की ओर से भी राममंदिर व अयोध्या की सुरक्षा अभेद्य बनाने पर मंथन हुआ, तय हुआ कि इसका प्रस्ताव जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। राममंदिर की सुरक्षा में मैन पावर कम आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल ज्यादा होगा। परिसर में सीसीटीवी का जाल बिछाया जाएगा, इसको लेकर अभी से तैयारियां शुरू करने की बात हुई। वहां पर एक फायर स्टेशन की स्थापना पर भी मुहर लगी है। वही इसके साथ ही साथ साथ ही मॉडर्न कंट्रोल रूम बनेगा, जहां से पूरे परिसर सहित अयोध्या की निगरानी होगी, राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि हमारा जोर है कि बंदूकधारी कम दिखें पार्किंग पर भी चर्चा हुई है।डॉ.अनिल मिश्र ने बताया कि राममंदिर की तरफ जाने वाले तीन मुख्य मार्गों के अलावा कई लिंग मार्ग भी हैं जो सीधे राममंदिर से जुड़ते हैं बैठक में इन मार्गों के चौड़ीकरण को लेकर भी चर्चा हुई है। इन्हें सुरक्षा प्रबंधों के दायरे में रखा जाएगा। यहां मूलभूत यात्री सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।श्रीराममंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन राममंदिर की सुरक्षा से लेकर अयोध्या के भी विकास पर चर्चा हुई। रामजन्मभूमि परिसर का एक बूंद पानी भी बाहर न जाए, इसलिए परिसर में जीरो डिस्चार्ज वाटर की व्यवस्था होगी। परिसर के पानी को रिसाइकिल कर उपयोग किया जाएगा। राममंदिर

अयोध्या-निरीक्षण करते नृपेंद्र मिश्रा,ट्रस्ट के महासचिव,जिलाधिकारी व अन्य।-

की प्रकाश व्यवस्था भी हाइटेक होगी, बिजली व्यवस्था के लिए परिसर में 33 केवीए के चार सब स्टेशन बनाए जाएंगे, इसको लेकर स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है। पूरे परिसर को दूधिया रोशनी सहित आधुनिक लाइटों से प्रकाशित करने की योजना है मंदिर में 24 घंटे रामधुन गूंजती रहेगी, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र का डिजाइन तैयार है। बैठक में सभी सदस्यों ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। जल्द ही यात्री सुविधा केंद्र को आकार देने का काम शुरू हो जाएगा। पेयजल के लिए एक लाख लीटर की क्षमता वाला प्लांट लगेगा। इस मौके पर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने विकास के प्लान का प्रस्तुतीकरण भी दिया।इस बैठक में निर्माण समिति के अध्यक्ष के साथ ही ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा सहित अन्य मौजूद रहे।

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मतदान स्थल का किया निरीक्षण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित दावे और आपत्तियों को प्राप्त करने हेतु रविवार को द्वितीय विशेष अभियान दिवस के अवसर पर विभिन्न मतदान स्थलों का निरीक्षण किया।इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान स्थल राजकीय इंटर कॉलेज, फतेहगंज में बूथ नंबर 64 से 71 तक, मतदान स्थल एम एल एम एल इंटर कॉलेज रिकाबगंज में बूथ नंबर 41 से 45 तक आदि का भ्रमण कर मतदेय स्थलों के प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल ऑफीसर (बीएलओ) से मतदाताओं के पंजीकरण/ अपमार्जन /संशोधान हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2023 के आधार पर 18 वर्ष आयु पूरा करने वाले प्रत्येक मतदाता का आवेदन प्राप्त निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करना सुनिश्चित करें, उन्होंने महिला मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने के कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही आयोग के नियमानुसार मतदाताओं के अपमार्जन एवं संशोधन संबंधी कार्य भी किया जाय।जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम बार आवेदन कर रहे नए मतदाता पंजीकरण हेतु फार्म दृ6 के साथ आधार कार्ड एवं आयु प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं, एवं निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति एवं पूर्व में शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म 7 के साथ आपत्ति का प्रमाण एवं मतदाता की मृत्यु के उपरांत नाम अपमार्जित करने हेतु फार्म के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र तथा निवास परिवर्तन /निर्वाचक नामावली में संशोधान /मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म 8 भरकर वह अपने बूथ के बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को आयोग के निर्देशानुसार समस्त मतदेय स्थलों पर पर्याप्त संख्या में विभिन्न फार्म की उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के कार्यों की नियमित समीक्षा भी करते रहने के निर्देश दिए।

सोनभद्र में बेकाबू बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर : शादी समारोह से लौट रहे भाई–बहन और भांजी की मौत

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। ओबरा के नगर पंचायत बैरियर स्थित जुल्गुल माइंस मोड़ के पास रविवार की रात भीषण हादसा हुआ। तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार भाई–बहन और भांजी की मौत हो गई। तीनों एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे। पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में ले लिया है। नगर के अंबेडकर चौराहा निवासी वसीम अहमद (27) पुत्र स्व.हमीद, हिना (20) पुत्री स्व. हमीद और उनकी भांजी इस्मा (16) पुत्री सुल्तान वारसी भलुआ टोला स्थित एक होटल में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 12 बजे तीनों बाइक पर सवार होकर समारोह से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ओबरा से चोपन की तरफ जा रही अनियंत्रित बोलेरो ने नगर पंचायत बैरियर जुल्गुल माइंस मोड़ के पास जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद बाइक लगभग 100 मीटर तक बोलरो के साथ घिसटते हुए बैंक आफ इंडिया शाखा तक गई। हादसे में बाइक सवार भाई बहन और भांजी की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। एसओ मिथिलेश मिश्र ने बताया कि शवों को कब्जे में ले लिया गया है। बोलेरो चालक की तलाश की जा रही है।

डीएपी खाद की कालाबाजारी को लेकर सपा का अनोखा प्रदर्शन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) बीकापुर के वासदेव पुर गांव में डी ए पी खाद की किल्लत तथा खाद की कालाबाजारी को लेकर सपा के दिव्यांग नेता पंडित समरजीत ने डीएपी खाद की आरती उतारकर जताया विरोध ग्राम सभा बासुदेवपुर के खेत

में डीएपी खाद की ग्रामीणों के साथ आरती उतारकर खाद की किल्लत पर जताया विरोध पंडित समरजीत ने कहा जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है तब से रवि की फसलें हो या खरीफ की फसलें हो किसानों को सरकारी सोसायटीओं से खाद नहीं उपलब्ध हो पाती है जिससे हमारे किसान भाई दुकानों से ब्लैक में खाद लेने के लिए मजबूर हो जाते हैं जो डीएपी खाद सरकारी दुकानों से 1350 रुपए में मिलती है वही खाद ब्लैक में दुकानों से 1500 से 1600 रुपए में किसान लेने के लिए मजबूर हो जाते हैं।सरकार तथा सरकारी तंत्र की मिलीभगत से भाजपा सरकार में किसान महंगी उर्वरक खादे खरीदने के लिए मजबूर हैं, किसान के दुख दर्द को समझने वाली ना सरकार है ना सरकारी कर्मचारी केवल किसानों को लूटने का काम किया जा रहा है। अगर 2024 के चुनाव में सपा सत्ता में आई तो किसान भाइयों को खरी फ तथा रवी की फसलों पर मुफ्त खाद बीज सपा सरकार देने का काम करेगी और इस अत्याचारी भाजपा सरकार को 2024 के चुनाव में यही हमारे किसान भाई उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।इस कार्यक्रम में विष्णु वर्मा, विपिन वर्मा, बाबा यादव, अनिरुद्ध सिंह, श्याम लाल कनौजिया, रवि शर्मा, ननकऊ

सी.सी.टी.एन.एस में अयोध्या पुलिस को प्रदेश में सातवां रैंक प्राप्त होने पर एसएसपी ने दी बधाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस)में जनपदीय पुलिस प्रदेश के टॉप–10 जिलों में शामिल हुआ है।प्रदेश में जनपद अयोध्या पुलिस को सीसीटीएनएस की माह अक्टूबर की रैंकिंग में 7वां स्थान प्राप्त हुआ

है।इस कामयाबी पर एसएसपी अयोध्या प्रशांत वर्मा व सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर संतोष कुमार यादव व थानों के सीसीटीएनएस कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना कर एसएसपी, अयोध्या ने इस उपलब्धि पर बधाई दिया है।मालूम हो कि इसमें कई बिन्दुओं जैसे एफआईआर, गिरफ्तारी,संपत्ति जब्ती, आरोप पत्र, आनलाइन शिकायतें, आनलाइन चरित्र आदि कार्यों की समीक्षा की जाती है।वही जनपद के थानों पर नियुक्ति कम्प्यूटर ऑपरेटर/आरक्षियों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है जिसके सापेक्ष जनपदीय पुलिस को प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त हुआ है।

अवैध पिस्टल व तमंचा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थानाध्यक्ष महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह ने एसओजी टीम व पुलिस टीम की मदद से दो आरोपियों को अवैध तमंचा व पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया।उन्होंने उप निरीक्षक मोहम्मद अमीन व एसओजी टीम में शामिल अश्विनी कुमार व प्रियेश कुमार के साथ दो आरोपियों को अवैध तमंचा व पिस्टल सहित रविवार को गिरफ्तार किया।उन्होंने मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त पंकज यादव पुत्र रामदेव यादव निवासी ग्राम छतरा थाना महराजगंज अयोध्या व विवेक यादव पुत्र श्रीराम भवन यादव निवासी ग्राम सेरवाघाट थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या को रामपुर नहर पुलिया से इन आरोपियों को गिरफ्तार किया।पुलिस के मुताबिक पंकज यादव के कब्जे से एक पिस्टल .32 बोर व एक जिन्दा कारतूस तथा विवेक यादव के कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।